**प्रश्न 1. कुँवर सिंह को बचपन में किन कामों में मज़ा आता था ? क्या उन्हें उन कामों से स्वतंत्रता सेनानी बनने में कुछ मदद मिली ?**
**उत्तर –** वीर कुँवर सिंह को बचपन में पढ़ने – लिखने में उतना मन नहीं लगता था , जितना मन घुड़सवारी , तलवारबाज़ी और कुश्ती लड़ने में लगता था। जब बड़े होकर स्वतंत्रता सेनानी बने तो इन कार्यों से उन्हें बहुत सहायता मिली। तलवार चलाने व तेज़ घुड़सवारी से तो वे कदम – कदम पर अंग्रेजों को मात देते रहे।

**प्रश्न 2. सांप्रदायिक सद्भाव में कुँवर सिंह की गहरी आस्था थी। पाठ के आधार पर कथन की पुष्टि कीजिए।**
**उत्तर –** कुँवर सिंह की सांप्रदायिक सद्भाव में गहरी आस्था थी। उनकी सेना में मुसलमान भी उच्च पदों पर थे। थे। इब्राहीम खाँ और किफ़ायत हुसैन उनकी सेना में ऊँचे पदों पर आसीन थे , इससे पता चलता है कि वीर कुँवर सिंह हिन्दुओं और मुसलमानों में कोई भेद नहीं करते थे। उनके यहाँ हिन्दुओं और मुसलमानों के सभी त्योहार एक साथ मिलकर मनाए जाते थे। उन्होंने पाठशालाएँ तो बनवाई ही थी साथ ही साथ उन्होंने इस्लाम धर्म की शिक्षा – दीक्षा की पाठशालाओं को भी बनवाया था।

**प्रश्न 3. सन् 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले मुख्य स्वतंत्रता सेनानियों के नाम लिखे?**
**उत्तर –** सन् 1857 के आंदोलन में भाग लेने वाले मुख्य स्वतंत्रता सेनानियों नाम निम्नलिखित है – नाना साहेब , ताँत्या टोपे , बख्त खान , अजीमुल्ला खान , रानी लक्ष्मीबाई , बेगम हजरत महल , कुँवर सिंह , मौलवी अहमदुल्लाह , बहादुर खान और राव तुलाराम थे।

**प्रश्न 4. कुँवर सिंह किस उद्देश्य से आज़मगढ़ गए?**
**उत्तर –** कुँवर सिंह का उद्देश्य इलाहाबाद एवं बनारस पर आक्रमण कर शत्रुओं को पराजित करना और अंततः जगदीशपुर पर अधिकार करना। स्वतंत्रता की इस लड़ाई में अंग्रेज़ों और कुँवर सिंह की सेना के बीच भयानक युद्ध हुआ। इस लड़ाई में कुँवर सिंह की सेना ने अंग्रेजों को हरा कर 22 मार्च 1858 को आज़मगढ़ पर कब्जा कर लिया।

**प्रश्न 5. सन् 1857 की क्रांति की क्या उपलब्धियाँ थीं?**
**उत्तर –** सन् 1857 की क्रांति की सबसे बड़ी उपलब्धि यह थी कि यह आंदोलन देश को आजादी पाने की दिशा में एक प्रथम चरण था। इस क्रांति के परिणामस्वरूप लोगों की आँखें खुल गईं और उनमें राष्ट्रीय एकता और स्वाधीनता की पृष्ठभूमि का विकास हुआ। इस आंदोलन की उपलब्धि सांप्रदायिक सौहार्द की भावना के विकास के रूप में हुआ। हिंदू-मुस्लिम एकता बढ़ी। राष्ट्रीय भावना लोगों में जाग्रत हुई।

**HOTS :-**

**प्रश्न 6. सन् 1857 में अगर आप 12 वर्ष के होते तो क्या करते? कल्पना करके लिखिए।**

उत्तर – सन् 1857 में यदि मैं 12 वर्ष का होता तो अवश्य वीर सेनानियों के कार्यों से प्रभावित होता। मैं भी तलवार चलाना व घुड़सवारी आदि सीखता ताकि समय आने पर देश की रक्षा के खातिर प्राणों की बाजी लगा देता।

**प्रश्न 7. अनुमान लगाइए, स्वाधीनता की योजना बनाने के लिए सोनपुर के मेले को क्यों चुना गया होगा?**

**उत्तर –** स्वाधीनता की योजना बनाने के लिए सोनपुर के मेले को इसलिए चुना गया होगा क्योंकि सोनपुर का मेला एशिया का सबसे बड़ा पशु मेला माना जाता है । इसमें काफी भीड़ होती है तथा यह मेला हाथियों की खरीद-बिक्री के लिए प्रसिद्ध है। इस मेले में इतनी भीड़ होती है कि यदि स्वतंत्रता सेनानी यहाँ कोई योजना बनाने के लिए इकट्ठे हो जाएँ तो भी अंग्रेजी सरकार को कभी शक नहीं हो सकता था।

**<u>HOMEWORK</u>**

**प्रश्न 8. जगदीशपुर में कुँवर सिंह की सेना अंग्रेज़ो से क्यों परास्त हो गई?**

**प्रश्न 9. मंगल पांडे के बलिदान के बाद भारतीय सैनिकों ने किसके विरुद्ध आंदोलन किया?**

**प्रश्न 10. वीर कुँवर सिंह ने अपना बायाँ हाथ गंगा मैया को समर्पित क्यों किया?**